पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने रेडक्रास सोसायटी, सिविल सोसायटी, धार्मिक संगठनों से सहयोग का आग्रह किया

जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु सक्षम लोगों को आगे आकर बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए – श्रीमती पटेल

लखनऊः 27 मार्च, 2020

देश के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रदेशों के राज्यपालों/उप राज्यपालों को कोविड–19 के खतरे से उत्पन्न परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने रेडक्रॉस सोसायटी, सिविल सोसायटी, स्वैच्छिक संगठनों एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने में राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें और पूर्ण सहयोग करें। जनता को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी से स्वयं को, अपने परिवार को एवं संपूर्ण मानव जाति को खतरे में ना डालें। जो जहां है वहीं रहे तथा सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) को बनाकर राज्य सरकार को सहयोग प्रदान करें। बिना किसी कार्य के घर से बाहर ना निकलें। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, निराश्रितों एवं कमजोर वर्ग के जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु सक्षम लोगों को आगे आकर बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिये राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (153/9)